— / — / —

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh
Date - 03.07.2024 Class - VI
Subject - Hindi Literature Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

नवतरंग - भाग - 6
पाठ - 5 'फूल और कांटा' (कविता)
कवि :- अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ - 5 'फूल और कांटा' कक्षा छठी की हिन्दी साहित्य की पाठ्यपुस्तक नवतरंग भाग-6 की पृष्ठ संख्या - 37 में दिया गया है। यह पाठ आपको 4 जुलाई, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम पाठ - 5 'फूल और कांटा' कविता पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपनी हिन्दी की पुस्तक नवतरंग भाग - 6 का पृष्ठ - 37 निकाल लें और अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूंगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको पाठ 'फूल और कांटे समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

प्यारे बच्चो ! यह कविता 'फूल और कांटा' 'अयोध्यासिंह उपाध्याय' जी द्वारा लिखी गई है। इस कविता में वह हमें बता रहे हैं कि हमारा जीवन में कई प्रकार की परिस्थितियों से सामना होता है। यही परिस्थितियाँ कभी हमें सबका प्रिय बना देती हैं और कभी उपेक्षा का पात्र बना देती हैं।

बच्चो ! अब मैं आपको कविता की पंक्तियाँ पढ़ कर

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date - 03.07.2024 Class- VI
Subject- Hindi Literature Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

सुनाऊँगी। आप इन्हें अपनी-अपनी पुस्तक में से देखकर मेरे साथ-साथ पढ़ेंगे।

हैं जनम लेते जगह में एक ही।
एक ही पौधा उन्हें है पालता।।
रात में उन पर चमकता चाँद भी।
एक ही-सी चाँदनी है डालता।।

बच्चो! कविता की इन पंक्तियों में कवि बता रहे हैं कि फूल और कांटे दोनों एक ही पौधे पर जन्म लेते हैं। इन्हें एक ही पौधा पालता है। रात में चाँद भी समान रूप से दोनों पर प्रकाश डालता है। फिर भी दोनों के स्वभाव में बहुत अंतर होता है अर्थात दोनों एक जैसी परिस्थितियों में पल कर भी विपरीत स्वभाव के होते हैं।

बच्चो! अब हम आगे की पंक्तियाँ पढ़ेंगे, जिन्हें आप ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

मेह उन पर है बरसता एक-सा।
एक-सी उन पर हवाएँ हैं बहीं।।
पर सदा ही यह दिखाता है हमें।
ढंग उनके एक-से होते नहीं।।

बच्चो! कविता की इन पंक्तियों में कवि बता रहे हैं कि फूल और कांटा दोनों के ऊपर बादल एक जैसे पानी बरसाते हैं। दोनों के ऊपर हवाएँ भी एक जैसी चलती हैं अर्थात प्रकृति उन दोनों का एक जैसे ही ध्यान रखती है। फिर भी हम उन दोनों के स्वभाव में बहुत भिन्नता देखते हैं जैसे फूल सभी को अपनी खुशबू और रंगों से प्रभावित करते हैं और कांटे अपने तीखेपन से सबको दुख देते हैं।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date - 03.07.2024 Subject - Hindi Literature
Class- VI Page-3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

बच्चो! मैंने आपको यहाँ तक कविता की पंक्तियों के अर्थ समझा दिए हैं। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न-1. प्रस्तुत कविता 'फूल और कांटा' के कवि कौन हैं?

प्रश्न-2. चाँद सभी के ऊपर क्या बिखेरता है?

प्रश्न-3. 'मेह उनपर बरसता है एक सा' पंक्ति का अर्थ लिखें।

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. कविता फूल और कांटा के कवि 'अयोध्यासिंह उपाध्याय' हैं।

उत्तर-2. चाँद सभी के ऊपर अपनी चाँदनी बिखेरता है।

उत्तर-2. इस पंक्ति का अर्थ है कि फूल और कांटे दोनों पर बारिश भी एक जैसी ही होती है।

बच्चो! अब मैं आपको कविता की आगे की पंक्तियाँ पढ़ कर सुनाऊँगी, जिन्हें आप सभी अपनी-अपनी पुस्तक में से देखकर मेरे साथ-साथ पढ़ेंगे।

छेदकर कांटा किसी की उंगलियाँ।
फाड़ देता है किसी का वर वसन॥
प्यार-डूबी तितलियों का पर कतर।
भँवर का है भेद देता श्याम तन॥

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date- 03.07.2024 Class- VI
Subject- Hindi Literature Page-4
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

प्यारे बच्चो ! प्रस्तुत पंक्तियों में कवि समझा रहे हैं कि काँटा किसी भी व्यक्ति की उँगलियों में चुभ जाता है और दर्द देता है। लोगों के बहुमूल्य वस्त्र फाड़ देता है। यह काँटे तितलियों के प्यारे-प्यारे मनोहर पंखों को काट देते हैं एवं जीर्ण-शीर्ण कर देते हैं। ये काले भँवरों को भी नहीं छोड़ते, जो रस पान के उद्देश्य से फूलों पर मंडराते हैं।
बच्चो ! अब मैं आपको आगे की पंक्तियाँ पढ़ कर सुनाऊँगी एवं समझाऊँगी। सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

फूल लेकर तितलियों को गोद में।
भौंरे को अपना अनूठा रस पिला ॥
निज सुगंधों औ' निराले रंग से।
है सदा देता कली जी की खिला ॥

बच्चो ! कविता की इन पंक्तियों में कवि समझा रहे हैं कि काँटों के विपरीत फूल का स्वभाव बहुत ही अच्छा एवं सराहनीय होता है। फूल तितलियों को अपनी गोद में बिठाते हैं तथा भौंरों को अपना रस पान कराते हैं। अपने आकर्षक रंगों से यह सदैव दूसरों को प्रभावित एवं आकर्षित करते रहते हैं। यह आदर्श एवं सुख प्रदायक के प्रतीक सर्वगुण संपन्न हैं। अपने इन्हीं गुणों के कारण फूल सभी के मन की कली को खिला देता है।

बच्चो ! मैंने आपको यहाँ तक कविता के दो पद्यांश समझा दिए हैं। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के

Scanned with CamScanner

Date- 03.07.2024 Class- VI
Subject- Hindi Literature Page - 5
Subject Teacher- Ms Roma Rani

उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न :- 1. तितलियों के साथ काँटे का व्यवहार कैसा होता है?

प्रश्न-2. मन की कली कौन खिला देता है?

प्रश्न-3. भौंरों को अपना मीठा रस कौन पिलाता है?

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर- 1. काँटे तितलियों के पंख फाड़ देते हैं।

उत्तर- 2. फूल

उत्तर- 3. भौंरों को अपना मीठा रस फूल पिलाता है।

बच्चो! अब मैं आपको कविता की अंतिम पंक्तियाँ पढ़ कर सुनाऊँगी एवं समझाऊँगी। सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

है खटकता एक सबकी आँख में।
दूसरा है सोहता सुर-सीस पर॥
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे।
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर॥

बच्चो! कविता की इन पंक्तियों में कवि बता रहे हैं कि हमें हमेशा अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए क्योंकि बुरे व्यवहार के कारण ही काँटा सबकी आँखों में चुभता है और अपने अच्छे व्यवहार के कारण फूल देवताओं (प्रभु) के चरणों में चढ़ाए जाते हैं। इस प्रकार बच्चो हमें कवि यहाँ समझा रहे हैं कि हम चाहे कितने भी बड़े कुल

__/__/____

Date- 03.07.2024 Class- VI
Subject- Hindi Literature Page - 6
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

में पैदा हो जाएँ परन्तु हम सदैव अपने ही कर्मों से जाने जाते हैं अर्थात् हमें सदा अपने व्यवहार को नम्र और अच्छा रखना चाहिए।

बच्चो ! मैंने आपको सारी कविता समझा दी है। आशा है, आपको यह अच्छे से समझ आ गई होगी। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे सभी बच्चे ध्यानपूर्वक अपनी हिन्दी साहित्य की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य

- बच्चो ! आप इस कविता को अच्छे से समझने के लिए दो से तीन बार पढ़ेंगे।
- आप इस कविता के पृष्ठ - 38 पर आए शब्द अर्थ अपनी हिन्दी की उत्तर- पुस्तिका में लिखेंगे।
- आप इन शब्द - अर्थों को याद भी करेंगे।
- इस कार्य की उत्तर - पत्रिका आपको वीरवार को भेजी जाएगी।

धन्यवाद !

Last page

Scanned with CamScanner